हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 21 मई 2026

04 नेकी की दीवार में मिली मासूम की लाश



09 कराहल में पत्नी की गला रेतकर हत्या पति को लठ्ठ...





## खबर संक्षेप



### विश्वविद्यालयः कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय में एनईपी सीबीसीएस की सेमेस्टर परीक्षाएं जारी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने महर्षि कणाद भवन में बनाये गये परीक्षा केन्द्र का भ्रमण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य परीक्षा समन्वयक प्रो. रितु यादव एवं केन्द्र के परीक्षा अधीक्षक मौजूद रहे।

### 25 को युवा संगम का आयोजन होगा

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से "युवा संगम" कार्यक्रम का आयोजन 25 मई को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) परिसर सागर में किया जाएगा। कार्यक्रम में रोजगार मेला एवं अप्रेंटिसशिप मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर विभिन्न पदों के लिए चयन किया जाएगा। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी एवं ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदकों को साक्षात्कार हेतु रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र (अंकसूची) साथ लाना आवश्यक होगा। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। युवा संगम कार्यक्रम 25 मई को प्रातः 11 बजे से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) परिसर, सागर (म.प्र.) में आयोजित होगा।

### खेलवृत्ति के लिए आवेदन पत्र किए आमंत्रित अंतिम तिथि 31 तक

**सागर।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी जिले के राज्य स्तर की अधिकृत प्रतियोगिताओं में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को शासन के नियमानुसार खेलवृत्ति प्रदाय की जावेगी। खेलवृत्ति हेतु आवेदक खिलाड़ी द्वारा अधिकृत खेलों में विगत वर्ष 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक मान्यता प्राप्त खेल संघों द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त किया हो तथा खिलाड़ी की आयु दिनॉक 01 अप्रैल 2026 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिऐ पात्र होंगे, ऐसे पात्र खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि नियम 2019 के नियम क्रमांक 08.1(च) के तहत खेल वृत्ति स्वीकृत की जावेगी। तथा ऐसे खिलाड़ी जिन्हें इस योजना अंतर्गत (02) दो बार खेल वृत्ति पूर्व में प्राप्त हो चुकी है, वे पात्र नहीं होगे। इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन पत्र दिनांक 31 मई तक कार्यालय जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, खेल परिसर, सागर में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ खिलाड़ी को मूल निवास प्रमाण पत्र, राज्य स्तर पर पदक अर्जित प्रमाण पत्र(अधिकृत प्रतियोगिता), जन्म प्रमाण पत्र/10वी की अंकसूची की छायाप्रति, आधार कार्ड, एवं बैंक पास बुक की छायाप्रति जिसमें खाता संबंधित विवरण स्पष्ट लिखा हो संलग्न करना अनिवार्य है। खिलाड़ी को संबंधित प्रतियोगिता में भाग लेने एवं पदक अर्जित करने वाले प्रमाण पत्र का सत्यापन संबंधित राज्य खेल संघ से कराकर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

फर्नीचर क्लस्टर को शीघ्रता से विकसित कर विस्थापन की कार्यवाही करें

# औद्योगिक क्षेत्र सिद्धगुवां में बिजली, पानी, सड़क की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

फर्नीचर क्लस्टर को शीघ्रता से विकसित कर विस्थापन की कार्यवाही करें, उद्योगपतियों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा, औद्योगिक क्षेत्र सिद्धगुवां में बिजली, पानी, सड़क की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी, साथ ही हवाई पट्टी विस्तार के लिए प्रयास और तेज किए जाएंगे। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने उद्योग विभाग, एमपीआईडीसी एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर विभिन्न उद्योगों से चावला, अरविंद भाईजी, मंदाकिनी पांडे, प्रमोद उपाध्याय, पूजा तिवारी, अमरनाथ साकेत, पी.एस. बडोले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं उद्योगपति मौजूद थे।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए प्रोत्साहन हेतु सभी आवश्यक प्रचार-प्रसार किया जाए एवं उद्योगपतियों को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं, जिससे यहां उद्योग स्थापित हो सकें। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों की समस्याओं के निराकरण के लिए उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध करें एवं जिला स्तर पर निराकरण योग्य समस्याओं का निराकरण किया जाए तथा राज्य शासन स्तर की समस्याओं को पत्र के माध्यम से सूचित कर उनका निराकरण कराया जाए। उद्योगपतियों को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी बिजली विभाग आवश्यक प्रबंध करे।



मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के प्रबंधक पी.के. उपाध्याय द्वारा विभाग की गतिविधियों के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि सागर जिले में 03 औद्योगिक क्षेत्रों मसवासी ग्रांट, तहसील सागर; करमपुर, तहसील खुरई एवं छेवला, तहसील देवरी में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना है।

औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रांट में 608.92 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर विकास किया जा रहा है। इस औद्योगिक क्षेत्र में बहुउत्पाद, वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों द्वारा रुचि प्रदर्शित की गई है, जिसमें प्रमुख निवेशकों में यूनिक सन पावर प्रा.लि. (सूरत, गुजरात), विवग्यो इनर्जी इन्फ्राटेक प्रा.लि. (जोधपुर, राजस्थान), ए.बी. फैब्रिक्स (लुधियाना, पंजाब), गोकुलदास एंड संस (भोपाल), दावत राइस आदि शामिल हैं।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा उक्त औद्योगिक क्षेत्र में 01 रुपये प्रति वर्गमीटर प्रीमियम, 01 रुपये प्रति वर्गमीटर लीज रेंट एवं विकास शुल्क 20 समान वार्षिक किस्तों में जमा करवाकर भूमि आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होने वाली इकाइयों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाओं के साथ-साथ 05 वर्ष तक विद्युत शुल्क में छूट एवं 100 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी एवं पंजीयन शुल्क की प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। भविष्य में इस औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार हेतु नजदीकी 05 ग्रामों बेलखादर, कुढ़ई, कुडरी, बहेरिया साहनी एवं गढ़ोलीकला में 319.19 हेक्टेयर भूमि चयनित की गई है।

औद्योगिक क्षेत्र करमपुर, तहसील खुरई में 60.00 हेक्टेयर भूमि पर विकास किया जा रहा है। उक्त औद्योगिक क्षेत्र में नाली एवं सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। करमपुर औद्योगिक क्षेत्र में कृषि उपकरण निर्माता इकाइयों एवं बहुउत्पाद से संबंधित निवेश आने की संभावना है। देवरी तहसील में ग्राम छेवला की 158.58 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है।सागर जिले में 02 वृहद इकाइयां भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. की बीना रिफाइनरी 49000.00 करोड़ की लागत से एवं ग्राम सौरई, तहसील बंडा में मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लि. 435.00 करोड़ की लागत से इकाई विस्तार हेतु निर्माणाधीन हैं। सागर जिले में वर्तमान में एमपीआईडीसी के 02 विकसित औद्योगिक क्षेत्र सिद्धगुवां एवं आई.आई.डी. बीना स्थापित हैं, जिनमें 188.24 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से 133 उद्योग स्थापित हैं तथा 71.30 करोड़ रुपये की लागत से 69 उद्योग स्थापनाधीन हैं।

बैठक में मसवासी ग्रांट एवं करमपुर में जल संसाधन विभाग से जल आवंटन हेतु आवश्यकता बताई गई, जिस पर कलेक्टर ने विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि जल आवंटन की कार्यवाही शीघ्र करवाई जा सके। उद्यमियों एवं उद्योग संघ के पदाधिकारियों द्वारा उद्योग संचालन में आ रही समस्याएं रखीं एवं सुझाव प्रस्तुत किए।

कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों को इन समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया तथा आदेशित किया गया कि यह समीक्षा बैठक प्रत्येक तिमाही में आयोजित की जाए, जिससे उद्यमियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की नियमित समीक्षा सुनिश्चित हो सके।



## 22 तीर्थयात्री वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा पर रवाना

**गढाकोटा।** मध्यप्रदेश शासन की तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत गढ़ाकोटा नगर के 22 तीर्थयात्री को मंगलवार सुबह वैष्णो देवी यात्रा के लिए बस स्टैंड से सभी तीर्थयात्रियों नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने फूल माला पहनाकर, एवं श्रीफल भेंट कर रवाना किया। और उनकी सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं परिजनों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।



## विश्वविद्यालय : चयनित सहायक प्राध्यापक शोधार्थियों ने की कुलपति से भेंट

**सागर ।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के समाजशास्त्र व समाजकार्य विभाग के शोधार्थी अमन लोधी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र परीक्षा-2022 में 22 वीं रैंक के साथ शासकीय महाविद्यालय गढ़ाकोटा जिला सागर में सहायक प्राध्यापक का पद प्राप्त कर एक नई उपलब्धि हासिल की है एवं राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग के अजय पटेल ने भी राजनीति विषय में सहायक प्राध्यापक का पद प्राप्त किया है। उनके उत्कृष्ट कार्य और समपर्ण ने विभाग को गर्व महसूस कराया है। इस उपलब्धि पर निर्देशक, शैक्षणिक गतिविधियां प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया । उन्होंने कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के साथ औपचारिक भेंट की, जहाँ कुलपति ने अमन एवं अजय के परिश्रम व उपलब्धि की सराहना की। विश्वविद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। यह उपलब्धि छात्रों और युवा शोधार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

## एनएसयूआई ने की रानी अवंतीबाई लोधी विश्व विद्यालय में लॉ कोर्स शुरू करने की मांग

**सागर।** रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षत कोठारी के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधिमंडल ने कुलगुरु से मुलाकात कर विवि में लॉ कोर्सेस को अति शीघ्र प्रारंभ करने की मांग उठाई। प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में कुलगुरु को ज्ञापन सौंपते हुए छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सागर एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को लॉ की पढ़ाई के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ के साथ-साथ शैक्षणिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। यदि विश्वविद्यालय में लॉ कोर्स प्रारंभ किए जाते हैं, तो स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेंगे।एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षत कोठारी ने कहा कि यह मांग लंबे समय से छात्रों द्वारा उठाई जा रही है और विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रहित में जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लॉ कोर्स शुरू होने से न केवल छात्रों को सुविधा मिलेगी, बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का भी विस्तार होगा।



## यात्री बसों में अग्नि दुर्घटना रोकने बस संचालकों की बैठक आयोजित

**सागर।** प्रदेश में हाल ही में यात्री बसों में आग लगने की घटनाओं के मद्देनज़र जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा बस संचालकों को अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि सभी एसी बस संचालक अपने वाहनों में लगे एसी सिस्टम की नियमित जांच कराएं तथा प्रत्येक तीन माह में उसकी मेंटेनेंस एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने कहा कि साफ-सफाई नहीं होने से एसी कम्प्रेसर ओवरहीट होकर शॉर्ट सर्किट एवं आग लगने का कारण बन सकता है। सभी यात्री बसों में निर्धारित मानक के अग्निशमन यंत्र रखने तथा ड्राइवर एवं कंडक्टर को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए, ताकि आपात स्थिति में तत्काल आग पर काबू पाया जा सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी एसी बसों में एफडीएसएस (फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम) लगाया जाए। वहीं सभी स्लीपर कोच बसों को एआईएस-119 मानकों के अनुरूप तैयार कराने के निर्देश दिए गए। जिन बस संचालकों को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे, उन्हें 25 मई 2026 तक वाहनों का भौतिक सत्यापन क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, सागर में कराने को कहा गया। इसके अलावा ड्राइवर एवं कंडक्टरों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर महत्वपूर्ण निर्देश एवं आकस्मिक परिस्थितियों में सहायता संबंधी सूचनाएं साझा करने की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया।

## नशामुक्ति केंद्र से लौटे युवक ने घर में लगाई फांसी परिजन बोले- तीन दिन पहले सागर से आया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई देहात थाना क्षेत्र के मुकारमपुर गांव में एक 22 साल के युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। युवक तीन दिन पहले ही सागर के एक नशामुक्ति केंद्र से वापस आया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करन पिता दयाराम अहिरवार (22) के रूप में हुई है, जो बीना रिफाइनरी में मजदूरी का काम करता था। उसके पिता दयाराम ने बताया कि करन को शराब की लत थी। इसी लत को छुड़ाने के लिए उसे सागर के एक नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था, जहां से वह तीन दिन पहले ही लौटा था।

### सुबह कमरे में फंदे पर लटका मिला शव

पिता के मुताबिक, सोमवार रात को पूरे परिवार ने साथ में खाना खाया था। मंगलवार सुबह जब दयाराम अपने बेटे के दूसरी मंजिल पर बने कमरे में गए, तो उन्होंने करन को फांसी के फंदे पर लटका देखा। घटना की खबर मिलते ही खुरई ग्रामीण थाना प्रभारी संतोष सिंह दागी पुलिस मौके पर पहुंचे।

### पोस्टमार्टम के बाद कारणों का चलेगा पता

पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि फिलहाल पुलिस परिवार के लोगों के बयान दर्ज कर मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने वालों पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल के आदेशानुसार, अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर बंडा, जैसीनगर, राहतगढ़, देवरी की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर जुर्माना लगाया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय जारी जुमाना आदेश के अनुसार बलवंत सिंह सचिव ग्राम पंचायत औरिया जैसीनगर, कामता प्रसाद सचिव ग्राम पंचायत खैराई राहतगढ, कृष्ण कुमार तिवारी सचिव ग्राम पंचायत मानेगांव देवरी एवं गौर कृष्ण दास ठाकुर सचिव ग्राम पंचायत कंदारी बंडा पर कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने पर जुर्माना लगाया गया।मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपने अधिकार का उपयोग करते हुए, आर्थिक सांख्यिकी विभाग के प्रकरण को समय सीमा के अंदर निराकरण न करने, साथ ही इस हेतु पूर्व में भी पंचायत सचिवों को निर्देशित करने के उपरांत भी प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया गया हैं। साथ ही कारण बताओ नोटिस का भी ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा समाधान कारक जवाब नहीं दिया गया । उक्त कृत्य लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 की धारा 7 (क) का उल्लंघन हैं। अतएव सचिवों के द्वारा आवेदन को विलंबित करने एवं समय सीमा पर निराकृत नहीं करने पर दंड स्वरूप जुर्माना लगाया गया। साथ ही उक्त जुर्माना राशि को तीन दिन के अंदर जमा करने का आदेश दिया गया।




## किसान रथ यात्रा में उमड़ा उत्साहः किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी

**सागर।** किसान रथ यात्रा के तहत बीना विकासखंड के ग्राम धाड़, मिर्जापुर और चमारी में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। क्षेत्र के किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने बढ़ चढ़कर इस अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने किसान रथ यात्रा के उद्देश्य एवं महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने किसानों को जैविक खेती, ई-टोकन प्रणाली, संतुलित उर्वरक उपयोग और संतुलित सिंचाई प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों के बारे में सरल तरीके से जानकारी दी। इस मौके पर कृषि विस्तार अधिकारी दीपेश मोगे, प्रताप बागरी, अजहर, अभिषेक कौशिक भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का महत्व बताया और कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर खेती करने से उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी संभव है। किसानों को बताया गया कि ई-टोकन प्रणाली से फसल विक्रय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम बनती है, जिससे उन्हें उपज का उचित मूल्य मिलता है। साथ ही जैविक खेती अपनाकर खेती को लाभ का धंधा बनाने के उपाय भी साझा किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने इस पहल को अत्यंत लाभकारी बताया और कृषि विभाग के प्रयासों की सराहना की।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अमोल सिंह होल्कर पिता परसोत्तम होल्कर आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड क्रमांक 4248 1640 7881 में **आदर्श पाल** (ADARSH PAL) दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम **मोहन होल्कर** (MOHAN HOLKAR) है। जो कि कक्षा 8 वीं की अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज हैं। आतः मेरे पुत्र को भविष्य में सभी शासकीय एवं गैरशासकीय दस्तावेजों में मेरे सही नाम **मोहन होल्कर**(MOHAN HOLKAR) के नाम से जना जाये एवं पढ़ा जावे।

सूचनाकर्ता
अमोल सिंह होल्कर उम्र 36 वर्ष
पिता परसोत्तम होल्कर निवासी
साबूलाल वार्ड गढ़ाकोटा तहसील
गढ़ाकोटा जिला सागर (म.प्र)

सीताराम रसोई में कराया भोजन, भूतेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना

# अन्न ही ब्रह्म है, भोजन का सम्मान और अन्नदान हमारी संस्कृति की आत्माः युवा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर उनके पुत्र युवा नेता अविराज सिंह ने सेवा और संस्कार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर सीताराम रसोई में जरूरतमंदों को भोजन कराया गया तथा शिव मंदिर भूतेश्वर में पूजा-अर्चना कर समाज के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मित्र, सहयोगी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि अन्नदान भारतीय संस्कृति में सबसे बड़ा दान माना गया है, क्योंकि संसार में धन, भूमि या वस्त्र का दान भविष्य में काम आता है, लेकिन अन्नदान ऐसा दान है जो किसी भूखे व्यक्ति के प्राणों की तत्काल रक्षा करता है और उसे तुरंत तृप्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि किसी भूखे व्यक्ति को भोजन कराना केवल सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।



अविराज सिंह ने कहा कि जब हम किसी जरूरतमंद को भोजन कराते हैं, तो हमारे भीतर विनम्रता और संवेदनशीलता का भाव उत्पन्न होता है। यह हमें यह अहसास कराता है कि हम देने वाले नहीं हैं, बल्कि ईश्वर द्वारा दिए गए अन्न को समाज में बांटने का माध्यम मात्र हैं।

उन्होंने कहा कि भूख कभी किसी व्यक्ति का धर्म, जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति नहीं देखती, इसलिए अन्नदान सामाजिक समरसता और मानव समानता का सबसे बड़ा माध्यम है। भारतीय संस्कृति में भोजन को ईश्वर का स्वरूप माना गया है। उपनिषदों में कहा गया है "अन्नं वै प्राणः" अर्थात अन्न ही प्राण है तथा "अन्नं ब्रह्म" यानी अन्न ही ईश्वर है। इस दृष्टि से अन्नदान साक्षात जीवनदान के समान है।

उन्होंने कहा कि शास्त्रों में मनुष्य के भीतर स्थित भूख की अग्नि को 'जठराग्नि' कहा गया है और किसी भूखे को भोजन कराना यज्ञ में आहुति देने से भी बड़ा पुण्यकारी कार्य माना गया है। भारतीय परंपरा में अन्नदान केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सभी जीवों के प्रति संवेदनशीलता को भी हमारी संस्कृति का हिस्सा बनाया गया है। उन्होंने पंचबलि की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे यहां गौ के लिए रोटी, श्वान के लिए भोजन, पक्षियों के लिए अन्न, चींटियों एवं सूक्ष्म जीवों के लिए आटा या शक्कर तथा अतिथि एवं संतों के लिए भोजन निकालने की परंपरा रही है। यह हमारी सनातन संस्कृति की व्यापक करुणा और समरसता का प्रतीक है।

# धसान नदी में अवैध खनन पर खनिज प्रशासन का कड़ा प्रहार



**रेत माफियाओं की दो पनडुब्बियां जलाकर नष्ट, पोकलेन मशीन जब्त, टीम पहुंचते ही भागा खनन माफिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने बुधवार को बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए पलेरा थाना क्षेत्र की धसान नदी में संचालित अवैध खनन पर जोरदार शिकंजा कसा। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर रेत निकालने में लगी दो पनडुब्बियों को आग लगाकर नष्ट कर दिया, जबकि एक पोकलेन मशीन जब्त कर ली गई। कार्रवाई की खबर फैलते ही अवैध खनन से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, कलेक्टर विवेक श्रोतिय को धसान नदी में बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन किए जाने की सूचना मिली थी। शिकायत मिलते ही उन्होंने तत्काल प्रशासनिक अमले को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम जतारा और पलेरा तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने पलेरा तहसील के मजरा कूटिन क्षेत्र में धसान नदी पर छापेमार कार्रवाई की। प्रशासनिक टीम जैसे ही नदी क्षेत्र में पहुंची, वहां अवैध उत्खनन में लगे लोग मशीनें और उपकरण छोड़कर भाग




निकले। मौके पर नदी के बीच अवैध रूप से रेत निकालने में इस्तेमाल की जा रही दो पनडुब्बियां संचालित मिलीं, जिन्हें प्रशासन ने तत्काल नष्ट करवा दिया। इसके साथ ही एक पोकलेन मशीन को भी जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने स्पष्ट कहा है कि जिले में अवैध उत्खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगातार शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। उक्त कार्रवाई में निशांत भूरिया, तहसीलदार कुलदीप सिंह, तहसीलदार नितिन गौड़ तथा नायब तहसीलदार श्रीपत अहीरवार सहित राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा। प्रशासन की इस कार्रवाई को जिले में सक्रिय रेत माफियाओं के खिलाफ बड़ा संदेश माना जा रहा है। गौरतलब है कि धसान नदी सहित जिले के कई क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें सामने आती रही हैं। लगातार कार्रवाई के बावजूद रेत माफिया सक्रिय हैं, लेकिन बुधवार की इस सख्त कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि अब प्रशासन अवैध कारोबारियों के खिलाफ कठोर रुख अपनाने के मूड में है।

## कपड़ों के ढेर में 1 सप्ताह के नवजात का शव, सिहर उठे लोग, फुटेज खंगाल रही पुलिस

# नेकी की दीवार में मिली मासूम की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के सिविल लाइन रोड स्थित नगर पालिका की नेकी की दीवार परिसर में बुधवार दोपहर के वक्त तब सनसनी फैल गई, जब नेकी की दीवार स्थल पर दान किए गए कपड़ों के ढेर में एक नवजात बच्चे का शव मिला। मानवता और मदद के प्रतीक माने जाने वाले इस स्थल पर मासूम की लाश मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भेजकर जांच शुरू कर दी।

### मृत शरीर पर लगी हुई थीं काफी मात्रा में चीटियां

घटना सर्किट हाउस के सामने स्थित उस नेकी की दीवार परिसर की है, जहां लोग जरूरतमंदों के लिए कपड़े और अन्य उपयोगी सामान छोड़ते हैं। इसी परिसर में दीनदयाल रसोई और फायर ब्रिगेड कार्यालय भी संचालित होता है। दोपहर के समय वहां मौजूद लोगों की नजर कपड़ों के बीच पड़े नवजात पर पड़ी। पास जाकर देखने पर लोगों के होश उड़ गए, क्योंकि बच्चा मृत अवस्था में था और उसके शरीर पर चींटियां लगी हुई थीं। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और माहौल गमगीन हो उठा। उक्त सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जिला




अस्पताल भिजवाया। प्रारंभिक जांच के दौरान ड्यूटी डॉक्टर विजय जैन ने बच्चे की उम्र करीब एक सप्ताह बताई है। डॉक्टर के अनुसार बच्चे के हाथ पर मिले कुछ निशानों से आशंका जताई जा रही है कि उसका जन्म किसी निजी अस्पताल में हुआ हो सकता है। हालांकि मौत का वास्तविक कारण और समय पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इस दर्दनाक घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर किसने इस मासूम को कपड़ों के ढेर में छोड़ दिया? क्या बच्चे की मौत पहले ही हो चुकी थी या उसे यहां जिंदा अवस्था में लाया गया था? इन तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि नवजात को यहां कौन छोड़कर गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फुटेज और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद शहरभर में चर्चा का माहौल बना रहा। लोगों ने इसे मानवता को झकझोर देने वाली घटना बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मात्र 12 घंटे में ही पुलिस ने किया लूट का पर्दाफाश, तीन आरोपी दबोचे

**टीकमगढ़।** जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा निरंतर चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी मंडलोई के नेतृत्व में देहात पुलिस ने तेज रफ्तार क्के साथ बड़ी सफलता हासिल की है। थाना देहात पुलिस ने लूट की गंभीर वारदात का महज 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नगदी, मोबाइल फोन, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, 19 मई को फरियादी हरप्रसाद पाल उर्फ माते निवासी ग्राम उत्तमपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी सुमित कोरी उर्फ माफिया एवं नितिन अहिरवार उर्फ बाबू ने रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसके बाद आरोपी उसका रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन और 17 हजार 500 रुपये नगद लूटकर फरार हो गए। उक्त घटना की सूचना मिलते ही पुलिस



अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी और लूट के खुलासे के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से तेजी से कार्रवाई करते हुए घटना के महज 12 घंटे के भीतर आरोपी सुमित कोरी उर्फ माफिया, नितिन उर्फ बाबू अहिरवार तथा एक विधि विरुद्ध बालक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने वारदात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17 हजार 500 रुपये नगद, रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा 12 बोर का एक कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बरामद मशरूका की कुल कीमत लगभग 24 हजार 700 रुपये बताई गई है।

### पानी की बर्बादी व गंदगी पर कांग्रेस पार्षद

## महिला पार्क का वीडियो वायरल होते ही जागा नपा प्रशासन, बैठक में



**टीकमगढ़।** शहर के वार्ड क्रमांक-6 की कांग्रेस पार्षद पूनम जायसवाल द्वारा महिला पार्क की बदहाल स्थिति और पानी की बर्बादी का मुद्दा उठाए जाने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आ गया। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो ने न केवल पार्कों की अव्यवस्थाओं को उजागर किया, बल्कि नगर पालिका के लापरवाह कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए। मंगलवार को नगर पालिका की प्रभारी अध्यक्ष एवं डिप्टी कलेक्टर अंजलि शर्मा स्वयं महिला पार्क पहुंचीं और नगर पालिका अधिकारियों के साथ कर्मचारियों की औचक बैठक लेकर लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान पार्कों में फैली गंदगी, खराब सफाई व्यवस्था और लगातार बह रहे पानी को लेकर कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई गई। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी सफाई देते हुए बताया कि खराब नल टोटियों और अन्य सामग्री की मांग पहले ही लिखित रूप से स्टोर विभाग को भेजी जा चुकी थी, लेकिन समय पर सामान उपलब्ध नहीं होने से सुधार कार्य अधर में लटका रहा। इस खुलासे पर प्रभारी नपाध्यक्ष शर्मा ने स्टोर शाखा की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जताई और तत्काल आवश्यक सामग्री जारी करने के निर्देश दिए। प्रभारी नपाध्यक्ष व डिप्टी कलेक्टर अंजलि शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि पार्कों की देखरेख में अब किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पानी की लीकेज तत्काल रोकी जाए, पौधों की नियमित सिंचाई हो, शौचालयों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाए और पार्कों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखा जाए। निरीक्षण के दौरान पार्कों के सौंदर्यीकरण, बेहतर लाइटिंग, पेयजल व्यवस्था और लोगों के मनोरंजन के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। शहर के पार्क केवल हरियाली के केंद्र नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य और मनोरंजन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल हैं, इसलिए उनकी अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं होगी। इसमें पार्षद अजय यादव, उपयंत्री अजय दीक्षित, दीपक विश्वकर्मा, जलप्रदाय सहायक अनिल श्रीवास्तव, शुभम वर्मा तथा सफाई प्रभारी राकेश बल्मीक सहित अमला मौजूद रहा।



## समय से पहले पूरा हुआ जनगणना का मकान सूचीकरण कार्य, किया गया सम्मानित

**बड़ागांव धसान।** जनगणना 2027 के अंतर्गत नगर परिषद बड़ागांव धसान क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर लिया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं प्रभारी अधिकारी शिवी उपाध्याय के मार्गदर्शन में संचालित इस कार्य में प्रगणकों और सुपरवाइजरों ने जिम्मेदारी और मेहनत के साथ कार्य करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कुल 17 एचएलबी हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए थे, जिनमें 17 प्रगणकों एवं 3 सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई थी। सभी टीमों ने समन्वय के साथ कार्य करते हुए मकान सूचीकरण का कार्य तय समय सीमा से पहले पूरा कर प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया। विशेष रूप से सुपरवाइजर ब्रज बिहारी यादव के सर्किल में कार्यरत प्रगणक रईश खान, शशांक द्विवेदी, राजेश्वर प्रसाद गुप्ता, महेश प्रसाद नायक एवं राजेश कुमार जैन द्वारा 10 मई को ही कार्य पूर्ण कर लिया गया था, जिसे प्रशासन ने सराहनीय उपलब्धि माना। कार्य समय से पूर्व पूर्ण होने पर नगर परिषद बड़ागांव धसान द्वारा 18 मई को निकाय स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों को सम्मानित कर उनकी मेहनत और लगन की प्रशंसा की गई।

## दुःख में पुलिस परिवार के साथ विभाग

**एसपी मंडलोई ने दिवंगत प्रधान आरक्षक के परिजनों को सौंपा 5 लाख रुपये का सहायता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के कल्याण हेतु लगातार संवेदनशील और जनहितैषी पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में टीकमगढ़ पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए स्वर्गीय प्रधान आरक्षक शिव शरण त्रिपाठी के शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की।

स्वर्गीय प्रधान आरक्षक शिव शरण त्रिपाठी के असामयिक निधन से पुलिस विभाग में शोक का माहौल है। इस कठिन समय में मनोहर सिंह मंडलोई के सतत प्रयासों एवं संवेदनशील पहल के फलस्वरूप




परोपकार निधि से 5 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई, जिसे परिवार को प्रदान किया गया। 19 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने स्वर्गीय प्रधान आरक्षक के परिजनों को सम्मानपूर्वक सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक महेश साहू सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस विभाग केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह कार्य करता है, जो अपने साथियों और उनके परिवारों के सुख-दुःख में हमेशा साथ खड़ा रहता है। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के प्रयासों से विगत वर्ष से अब तक पुलिस सैलरी पैकेज एवं परोपकार निधि से 1 करोड़ 50 लाख रुपये की सहायता राशि विभिन्न पुलिस परिवारों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। यह पहल विभाग की मानवीय प्रतिबद्धता और परिवार के प्रति उत्तरदायित्व का सशक्त उदाहरण मानी जा रही है।


### पुराने कुएं और बावड़ी की सफाई कर दिया संरक्षण

## जल बचाने उतरा पूरा नगर, जल गंगा संवर्धन में किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

नगर परिषद बड़ागांव धसान में बुधवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान बस स्टैंड स्थित पुराने कुएं और बावड़ी की साफ-सफाई की गई तथा लोगों को जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रजापति, सीएमओ शिवी उपाध्याय, पार्षदगण और नगर के गणमान्य नागरिकों ने श्रमदान करते हुए वर्षों पुराने जल स्त्रोतों से कचरा हटाया। अभियान के दौरान लोगों ने



साफ-सफाई कर यह संदेश दिया कि जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जन भागीदारी से जल संचयन का संकल्प थीम पर चल रहा यह विशेष अभियान 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलाशयों की सफाई, पौधरोपण, तालाबों, छोटी नदियों, बावड़ियों और अन्य पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए व्यापक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सीएमओ शिवी उपाध्याय ने कहा कि लगातार गिरते जलस्तर और बढ़ते जल संकट को देखते हुए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही प्राकृतिक जल स्त्रोतों को संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बस स्टैंड चौराहे पर राहगीरों और यात्रियों के लिए ठंडे पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु वाटर कूलर लगाया जाएगा।

## घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग अभियान से जागरूक हो रहे लोग

### उपवन पार्क सहित 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लग रहे योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के पूर्व जिले में घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग अभियान के तहत व्यापक स्तर पर योग और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिला आयुष विभाग द्वारा जिले के 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नियमित योग शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां आमजन को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जिला आयुष विभाग के प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार की उपस्थिति में आयोजित इन शिविरों में योग प्रशिक्षकों द्वारा लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है। उपवन पार्क में प्रतिदिन आयोजित हो रहे योग शिविर में बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे हैं। योग प्रशिक्षक मनोज कुमार खरे द्वारा लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा है, वहीं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. बंशी लाल अहिरवार एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी



डॉ. सुरेंद्र जैन द्वारा लोगों को असाध्य रोगों से बचाव, स्वस्थ दिनचर्या और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का माध्यम भी है। शिविरों में लोगों को नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और तनावमुक्त जीवन शैली अपनाने की सलाह भी दी जा रही है। कार्यक्रम में डॉ. सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. सीता साहू, डॉ. राजेश सूत्रकार, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. शिखा खरे सहित पैरामेडिकल स्टाफ और आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प

### आग में जली 13 दुकानों के पीड़ितों को आर्थिक सहायता की मांग

# दुकानदारों का दर्द लेकर सीएम तक पहुंचे पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रशिद्ध ऐतिहासिक तीर्थ स्थली अछरूमाता मंदिर परिसर में हुई भीषण आगजनी की घटना के बाद प्रभावित दुकानदारों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पूर्व विधायक डॉ. शिशुपाल यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पत्र के माध्यम से पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत राशि और आर्थिक मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग

पूर्व विधायक डॉ शिशुपाल द्वारा दिए गए पत्र में बताया गया है कि 17 मई की रात अछरूमाता मंदिर परिसर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई थी। आग इतनी भयावह थी कि मंदिर परिसर में बनी 13 दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं, जबकि 2 दुकानें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुईं। इस हादसे में गरीब दुकानदारों की वर्षों की मेहनत, दुकान का सामान और आजीविका के साधन पूरी तरह खत्म हो गए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आगजनी से लगभग एक





करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना के बाद प्रभावित परिवार गहरे मानसिक और आर्थिक संकट में हैं। कई दुकानदारों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पूर्व विधायक डॉ. शिशुपाल यादव ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि संकट की इस घड़ी में शासन संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित दुकानदारों को तत्काल आर्थिक सहायता एवं मुआवजा स्वीकृत करे, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और वे दोबारा व्यापार को शुरू कर सकें।


### इन दुकानदारों को हुआ भारी नुकसान

अग्निकांड में जिन दुकानदारों की दुकानें प्रभावित हुईं, उनमें मानसिंह नपु लल्लूसिंह कुशवाहा, लक्ष्मन नपु बैजलाल कुशवाहा, रामस्वरूप नपु मोहन कुशवाहा, मुन्ना नपु मोहनलाल कुशवाहा, कश्यप श्रीवास्तव नपु मातादीन श्रीवास्तव, हरगोविंद नपु रामलाल केवट, लल्लू नपु संतू कुशवाहा, मुन्नू नपु जगन्नाथ परस्तार, राजू नपु मोहनलाल कुशवाहा, सुंदर नपु कमलेश केवट, नरेंद्र नपु लक्ष्मन कुशवाहा, प्रमोद नपु धनिराम कुशवाहा एवं विश्वनाथ प्रताप सिंह नपु सुरेश यादव शामिल हैं। सूची के अनुसार अधिकांश दुकानें कच्ची एवं अस्थायी थीं, जिनमें प्रसाद, मिठाई, मनिहारी और खिलौनों का सामान रखा हुआ था। प्रशासनिक दस्तावेज के मुताबिक प्रत्येक दुकान का आकार लगभग 1530 वर्गफुट बताया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर में लगी आग ने कई परिवारों की आर्थिक रीढ़ तोड़ दी है। लोगों ने शासन से मांग की है कि पीड़ित दुकानदारों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे दोबारा अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

घर में घुसकर महिला की हत्या से सनसनी, वारदात से पहले हमलावरों ने काटी घर की बिजली

# कराहल में पत्नी की गला रेतकर हत्या पति को लट्ठ मारकर भाग गए हमलावर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल कस्बे की चार खंभा गुर्जर बस्ती में मंगलवार-बुधवार की रात को एक महिला की घर में घुसकर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी और घर की छत पर सो रहे महिला के पति को हमलावर लठ्ठ मारकर भाग निकले। हमलावरों का फिलहाल कोई सुराग नहीं है।

खास बात यह है कि हमलावरों ने घर में घुसने से पहले घर की बिजली सप्लाई को घर के बाहर से काट दिया। इसके बाद घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। हमलावरो ने जिस तरह वारदात को अंजाम दिया है,उससे जाहिर हो रहा है कि यह वारदात लूट के इरादे से नहीं,बल्कि किसी और कारणों के चलते अंजाम दी गई है। इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बडी संख्या में आसपास के गांवों के गुर्जर समाज के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।

वारदात की सूचना मिलने पर एसडीओपी अवनीत शर्मा और कराहल टीआई यास्मीन खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया,साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुरैना से फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कराहल के चार खंभा गुर्जर बस्ती निवासी कमल गुर्जर 60 वर्ष का परिवार मंगलवार-बुधवार की रात को घर के अंदर सो रहा था। कमल गुर्जर घर की छत पर सो रहा था,वहीं घर के तिवारे में उसकी पत्नी द्रोपदी बाई गुर्जर 55 वर्ष सो रही थी। जबकि तिवारे के अंदर बने कमरे में उसका बेटा मंगल गुर्जर व उसकी पत्नी कृष्णा सो रही थी। बताया जा रहा है कि रात ढाई-तीन बजे के आसपास किसी ने बाहर से घर की कुंदी खटखटाई। नींद खुलने पर द्रोपदी बाई ने उठकर जैसे ही घर का दरवाजा खोला,वैसे ही अज्ञात हमलावरो ने धारदार हथियार से उसका गला रेत कर द्रोपदी बाई की हत्या कर दी। इस दौरान महिला गेट पर ही गिर पडी। इसके बाद हमलावर सीधे घर की छत पर पहुंचे,जहां उन्होने सो रहे कमल गुर्जर को लठ्ठ मार इससे कमल चिल्लाया तो हमलावर भाग निकले। शोर मचने पर परिवार के अन्य लोगो नींद से जाग गए और चीख पुकार मच गई। इसके बाद यहां लोगो की भीड जमा हो गई।

आसपास के गांवो में रहने वाले गुर्जर समाज के लोग इस घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए यहां पहुंच गए। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस को अपनी प्रारंभिक जांच के दौरान हत्या की यह वारदात पारिवारिक विवाद, या फिर कोई पुरानी रंजिश के चलते होने का अंदेशा लग रहा है।

### घर में घुसकर हमला करने की तीसरी वारदात

चार खंभा गुर्जर बस्ती में रात्रि के दौरान महिला की गला रेतकर की गई वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत की स्थिति बन गई है। बताया जा रहा है कि महीनेभर के भीतर इस बस्ती में घर में घुसकर हमला करने की यह तीसरी वारदात है। इसके पहले घर में घुसकर हमला करने की दो घटनाएं हो चुकी है। पहली घटना 16 अप्रैल 2026 को रात्रि के दौरान राधेश्याम गुर्जर के घर में घुसकर अज्ञात लोगो ने लाठी और पत्थर से हमला कर उसे जख्मी कर दिया। वहीं दूसरी घटना 14-15 मई को रात्रि के दौरान हुई, उस दौरान रामचरण गुर्जर के मकान में घुसकर अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला किया। हमले में घायल रामचरण आज भी राजस्थान के कोटा अस्पताल में भर्ती होकर अपना इलाज करा रहा है रात्रि के दौरान हमला होने की तीनो वारदाते ढाई से तीन बजे के बीच ही अंजाम दी गई है। इसका लेकर भी कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है।

### शिवपुरी से आया डॉग, 25 घंटे बाद घटनास्थल से उठा शव

घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों से बडी संख्या में मौजूद गुर्जर समाज के लोगो ने इस घटना पर खासा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों का पता लगने के बाद ही शव को पीएम के लिए अस्पताल ले जाने की चेतावनी। इस दौरान एसडीओपी अवनीत शर्मा ने समाजीय लोगो को आरोपियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किए जाने का भरोसा दिलाया। पुलिस ने आरोपियों का पता लगाने के लिए पहले मुरैना से फोरेंसिक टीम बुलाई। इसके बाद शिवपुरी से डॉग को बुलाया गया। डॉग फोरेंसिक टीम के जांच कर लौट जाने के बाद करीब 2 बजे घटनास्थल पर पहुंचा। बताया जा रहा है कि पुलिस का डॉग मृत महिला के कपडो को सूंघने के बाद करीब आधा किलोमीटर दूर मौजूद बडे तालाब तक गया और बाहर जाकर रूक गया। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद बडे तालाब तक पैदल आए और फिर यहां से किसी वाहन में सवार होकर भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने पीएम की कार्रवाई के लिए महिला के शव को हत्या के करीब 25 घंटे बाद शाम करीब साढे चार बजे उठाया और कराहल अस्पताल में उसका पीएम करवाया।

### जांच कर रहे

महिला की किसी धारदात हथियार से हत्या की गई है। हत्यारोपियों का फिलहाल कोई सुराग नहीं है, लेकिन मामला दर्ज कर आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। हर एंगल को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है।

अवनीत शर्मा
एसडीओपी,कराहल बडौदा

गांधी पार्क पर दिया धरना, सरकारी अस्पताल और जन ओषधी केंद्र बने मरीजों का सहारा

# ऑनलाइन बिक्री के विरोध में दवा विक्रेताओं ने बंद रखी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बुधवार को पूरे भारत की तरह श्योपुर जिले में भी ऑनलाइन बिक्री के खिलाफ दवा बिक्रेताओं ने अपने अपने मेडिकल स्टोर बंद रखे, इस दौरान मरीज दवा खरीदने के लिए सरकारी अस्पतालों और पीएम जन ओषधी केंद्रों के सहारे रहे.

केमिस्ट एवं ड्रग एसोसियेशन के बैनरतले हुई हड़ताल के चलते जिले के अधिकतर मेडिकल शॉप बंद रहे. इस दौरान गांधी पार्क पर टेंट लगाकर कैमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन के बैनरतले धरना दिया गया और शासन प्रशासन के नाम एक ज्ञापन राजस्व अधिकारियों को दिया गया। राष्ट्रव्यापी बंद का पूर्ण समर्थन कैमिस्ट एवं ड्रगस्टि एसोसिएशन श्योपुर द्वारा किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष नागोरी ने बताया कि यह आंदोलन केवल दवा व्यापारियों के हितों का नहीं, बल्कि आम मरीजों की सुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य से जुड़ा हुआ गंभीर विषय है। अवैध ई-फार्मेसी संचालन, बिना सत्यापन दवाओं की बिक्री, एंटीवायोटिक एवं नशीली दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता तथा बड़े कॉरपोरेट घरानो द्वारा की जा रही अत्यधिक छूट से छोटे एवं मध्यम दवा विक्रेताओं का अस्तित्व संकट में है। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि कोविड काल की अस्थायी अधिसूचना जीएसआर 220(ई) को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए, ई-फार्मेसी संबंधी अधिसूचना जीएसआर 817 (ई) वापस ली जाए तथा दवा व्यापार में समान अवसर सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी नीति बनाई जाए।




### ऑनलाइन दवा बिक्री से कारोबार खत्म

दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे मेडिकल स्टोरों का कारोबार खत्म होने की कगार पर है। उनका आरोप है कि बिना पर्याप्त निगरानी के ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री मरीजों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन सकती है। हालांकि, दिनभर जिले में जो स्थिति सामने आई, उसमें सबसे ज्यादा परेशान ग्रामीण छेत्र का मरीज दिखाई दिया शहरी छेत्र के लोग तो जिला अस्पताल और पीएम जन ओषधी केंद्र से दवा खरीद कर ले जाते दिखे. फिर भी व्यापारियों की इस लड़ाई का सबसे बड़ा नुकसान गरीब मरीजों को उठाना पड़ रहा है।

# 28 को मनाई जाएगी बकरीद, ईद की नमाज का समय हुआ मुकर्रर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ईदुलअजहा (बकरीद) 28 मई को मनाई जायगी. इस अवसर पर शहर की 08 मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जायगी, जिनमे पढ़ी जाने वाली नमाज का समय भी तय कर लिया गया है. बकरीद के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने मुस्लिम समाज से कुर्बानी करने में एहतियात बरतने और दूसरे मजहब के लोगों की भवनाओं का सम्मान करने की अपील की है। शहर काजी द्वारा की गई अपील में उल्लेख किया गया है कि बराये मेहरबानी कुर्बानी खुले मे न करे, कुर्बानी की विडियो न बनाये इन विडियो को फैस बुक व सोशल गिडिया पर न डालें, कुर्बानियों का खून नालियों मे न बहने दे, साफ-सफाई का ख्याल रखे, अपने रिश्तेदारों को तकसीम करने के लिए ले जाते समय गोस्त को ढककर ले जाए. कुर्बानी के नाम पर ऐसा दिखावा न करें जिससे दूसरे मजहब के लोगों को तकलीफ हो।

### किस मस्जिद में कौन कब पढाएगा नमाज

| मस्जिद | समय | इमाम |
|---|---|---|
| ईदगाह श्योपुर, | सुबह 08:15 बजे | शहरकाजी अतीकुल्ला कुरेशी |
| जाामा मस्जिद | सुबह 07:15 बजे | मौलाना मजरूल हसन |
| मस्जिद कुमैदान | सुबह 07:45 बजे | हाफिज यूसूफ |
| बडा इमाम बाडा | सुबह 07:30 बजे | मुफती मुंतजिर |
| मस्जिद खान सैयद | सुबह 07:30 बजे | हाफिज नसीम अख्तर |
| मस्जिद इस्लामपुरा | सुबह 07:45 बजे | हाफिज आदिल कुरेशी |
| मस्जिद सलापुरा | सुबह 07:15 बजे | मुफती सुहैल कुरेशी |
| मस्जिद नारनोल | सुबह 08:30 बजे | मुफती मोहम्मद यामीन |

## जलापूर्ति लाइन टूटने से गहराया पेयजल संकट, परेशान हो रहे लोग



श्योपुर। शहर के शिवपुरी रोड पर हिन्दू धर्मशाला के सामने, भारतीय स्टेट बैंक, फरहत लाज एवं पुराने डीएफओ कार्यालय के सामने नाला एवं रोड निर्माण कार्य के दौरान क्षेत्र की पुरानी जलापूर्ति लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से पूरे क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। लाइन टूटने के कारण क्षेत्र के सभी नल कनेक्शन प्रभावित हो गए हैं और पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो चुकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पानी नहीं आने के कारण लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। आम नागरिकों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार पूर्व में जलापूर्ति लाइन बिहारी टायर वाले तक मौजूद थी, लेकिन वर्तमान में नगरपालिका द्वारा नई मुख्य लाइन केवल बिजली कार्यालय तक ही डाली गई है। इसके कारण हिन्दू धर्मशाला, भारतीय स्टेट बैंक, फरहत लाज एवं पुराने डीएफओ कार्यालय के आसपास के रहवासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्रवासियों ने नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग को एक आवेदन सौंपकर मांग की है कि जलापूर्ति लाइन का विस्तार भारतीय स्टेट बैंक के सामने स्थित बिहारी टायर वाले तक शीघ्र कराया जाए, ताकि क्षेत्र में नियमित पेयजल व्यवस्था बहाल हो सके। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सात दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## आने वाले समय में छात्रों की मजबूत आवाज बनकर उभरेगा एसैप छात्र संघ:कुलदीप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एसैप छात्र संघ ने बुधवार को अपना स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी एवं छात्र संगठन से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए आप के प्रदेश सचिव कुलदीप सिंह तोमर ने कहा कि छात्र और युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं तथा शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने एसैप छात्र संघ द्वारा छात्रों की समस्याओं को लगातार उठाने और संघर्ष करने की सराहना करते हुए कहा कि संगठन आने वाले समय में छात्रों की मजबूत आवाज बनकर उभरेगा। एसैप छात्र संघ जिला अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी ने संगठन की स्थापना के उद्देश्य एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एसैप छात्र संघ लगातार छात्र हित, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, कॉलेज निर्माण, स्कूल भवन, छात्रवृत्ति एवं युवाओं के अधिकारों को लेकर संघर्ष करता रहा है और आगे भी छात्रों की हर लड़ाई मजबूती के साथ लड़ी जाएगी।

इसमें संगठन विस्तार, छात्र समस्याओं एवं आगामी आंदोलनों को लेकर भी चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर जनआंदोलन खड़ा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लवली मीणा, सोनू मीणा, कमलेश मीणा, गौतम पंडित, रामनरेश मीणा, अजय मीणा, ईश्वर वैष्णव, श्याम मीणा, विशाल मीणा, विनोद मीणा, रवि प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइक से गिरकर युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ढोढर थाना क्षेत्र के सेड के सहराने में एक आदिवासी युवक की बाइक से गिर जाने के कारण मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार की रात करीब नौ बजे तब घटित हुआ,जब बाइक सवार जयराम आदिवासी बाइक से अपने घर लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत बगदिया के शेड के सहराना निवासी जयराम आदिवासी 24 वर्ष पुत्र सुरेश आदिवासी मंगलवार की रात करीब नौ बजे बाइक सवार होकर अपने घर लौट रहा था,तभी रास्ते में अचानक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान जयराम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे रात्रि के दौरान इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में लाकर भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान तडके चार बजे मौत हो गई। ढोढर थाना पुलिस ने बुधवार को पीएम के बाद श परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### छात्रों ने कॉलेज में किया मटका प्रदर्शन, शुद्ध पानी की मांग

श्योपुर। पीएम एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज श्योपुर में विधार्थियों के दूषित पेयजल संकट से जूझने का आरोप लगाते हुए कुछ छात्रों ने बुधवार को मटका प्रदर्शन किया। आंदोलन के दौरान छात्र नेता अभिषेक मीना मटका कंधे पर रखकर कॉलेज प्राचार्य कार्यालय तक पहुंचे इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं को मटके से पानी भी पिलाया। आंदोलन का उद्धेश्य कालेज में पेयजल की खराब व्यवस्था एवं वाटर कूलरों की नियमित सफाई नहीं होना बताई गई. छात्रों ने बताया कि लंबे समय से वाटर कूलरों की सफाई एवं रखरखाव सही तरीके से नहीं किया जा रहा है, जिससे छात्रों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है. इसके आलावा जिले के 7 कॉलेजो की अलग अलग जनभागीदारी समिति बनाने की मांग भी विधार्थी कर रहे थे। छात्र नेता अभिषेक मीना ने कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जाएगा इस आंदोलन में विष्णु मीणा, नदीम पठान, हिमांशु, हनुमान मीणा, कान्हा सुमन, लवकुश,राहुल,सुनील,संजना,शिवानी शामिल रहे।

कलेक्टर के गांव में मुक्तिधाम नहीं होने से शहर में आना पड़ता है दाह संस्कार के लिए

# विडंबना: गांव में श्मशान नहीं था इसलिए निजी प्लॉट में करना पड़ा अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि पूरे जिले में श्मशान घाटो में आने वाली अड़चनों को दूर करने, पहुंच मार्ग बनाने, कब्जा हटाने के समय-समय पर निर्देश देने वाले कलेक्टर के खुद के गांव (चेनपुरा) में श्मशान ही नहीं है श्मशान नहीं होने से जहां लोगों को करीब 4 किलोमीटर दूर शहर पहुंचकर दाह संस्कार करना पड़ता है वही कुछ लोग गाहे बगाहे निजी प्लाट पर भी मजबूरी में दाह संस्कार करते दिखाई पड़ते हैं. ऐसा ही मन को झंखझोर देने वाला नजारा मंगलवार की शाम तब देखने को मिला, जब चैनपुरा बस्ती में हुई किसी ग्रामीण की मौत पर परीजनों को शव का दाह संस्कार निजी प्लॉट पर करना पडा।

जिला मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत बगवाज के चैनपुरा गांव में श्मशान नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है इस बस्ती में करीब 10 हजार लोग निवास करते हैं जिनमें से 50 फीसद अधिकारी कर्मचारी वर्ग के हैं जो सरकारी क्वाट्र्स और निजी कॉलोनी (आनंद नगर) में मकान बनाकर रह रहे हैं. बस्ती के मूल निवासी सहरिया जनजाति के आदिवासी समुदाय से हैं जो गरीब होकर अंत्येष्टि जैसा खर्चा भी वहन करने की स्थिति में नहीं है बस्ती में जब किसी की मौत हो जाती है तो लोग पहले शव को ट्रैक्टर ट्राली में रखकर शहर तक लाते हैं और फिर शहर में शवयात्रा निकालकर श्मशान घाट तक जाते हैं अपने मृत परिजन की पार्थिव देह को ट्रैक्टर ट्राली में रहकर अपमानजनक तरीके से लाने लाना इस बस्ती के लोगों के लिए मजबूरी बना हुआ है साथ ही इतनी दूर तक बस्ती के लोगों को शवयात्रा के लिए मजबूरी में शहर आना पड़ता है यह भी दुखद बात है. ऐसी परेशानी से बचने और ट्रैक्टर ट्राली का खर्च वहन कर पाने में असमर्थ होने के चलते आदिवासी अपने मृत परिजनों का दाह संस्कार वही खाली जगह देखकर कर लेते हैं पर यह खाली जगह भी किसी का निजी प्लांट ही होती है जो कॉलोनाइजरों द्वारा काटी गई कॉलोनी का हिस्सा है ऐसा ही दुःखद नजारा मंगलवार की शाम देखने को मिला था जब बस्ती में हुई मौत के बाद परिजनों को निजी प्लांट की साफ सफाई कर वहां दाह संस्कार करना पड़ा.



### मूलभूत समस्याओ से जूझता चैनपुरा

चैनपुरा गांव में मूलभूत समस्याओं से भी लोग बुरी तरह जूझ रहे हैं इस गांव की बस्ती के दो स्वरूप है एक स्वरूप तो बस्ती के बाहर जहां सरकारी कर्मचारी निवास करते हैं वहां चकाचक व्यवस्था है वही भीतर जाने पर मूल निवासी आदिवासी समुदाय मूलभूत सुविधाओं को भी तरसता दिखाई पड़ता है जगह-जगह बारिश का पानी भरा होने और पेयजल सुविधा नहीं होने से लोग बुरी तरह परेशान है विकास कार्यों की योजना बनाने वालों की इस बस्ती में मूल निवासी (सहरिया समुदाय) विकास को पूरी तरह तरसे हुआ है.

### अफसरों के निवास से लेकर दफ्तर तक इस बस्ती में

ग्राम पंचायत बगवाज के अंतर्गत आने वाले चैनपुरा बस्ती वैसे तो विभिन्न समस्याओं से जूझता गांव है लेकिन रसूखदारों की बात करें तो इस बस्ती में जितने अधिक रसूखदार हैं उतने तो शायद पूरे जिले में भी नहीं रहते होंगे. चैनपुरा में कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, श्योपुर तहसीलदार न्यायालय, जिला जेल सहित विभिन्न अधिकारियों के न सिर्फ कार्यालय बने हुए हैं बल्कि कलेक्टर और एसपी जैसे जिले के शीर्ष अधिकारियो के बंगले भी इसी गांव की बस्ती में बने हुए हैं. कलेक्टर और एसपी सहित आला अधिकारी और विकास की योजना बनाने वाले जिला पंचायत सीईओ, जनपद सीईओ इसी गांव के मतदान केंद्र पर वोट करने जाते हैं इसके बावजूद इस बस्ती की उपेक्षा इतनी अधिक कि एक शमशान घाट तक नहीं है बात बड़ी आश्चर्य जनक है.

### जाकर समस्या देखूंगी

जब मैं जिला पंचायत अध्यक्ष थी तब मैंने इस बस्ती में नल जल योजना, सीवर लाइन और जल निकासी के लिए राशि स्वीकृत कराई थी, नल जल योजना तब चालू करवा दी गई थी, बस्ती में पानी भराव गंभीर समस्या थी वह भी निकास करा दिया था अब वहां क्या समस्याएं हैं फिर जाकर देखूंगी और अधिकारियों से निराकरण की मांग करूंगी

गुड्डी बाई आदिवासी
अध्यक्ष मप्र सरिया विकास अभिकरण (केबिनेट मंत्री दर्जा)

सड़क निर्माण स्वीकृत कराने के लिए सौपा ज्ञापन

# दो केंद्रीय मंत्रियों से प्रतिनिधि मंडल के साथ मिले पूर्व विधायक चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने सडक निर्माण समस्या को लेकर बुधवार को दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाक़ात की.युवा भजपा नेता यश प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि श्योपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़को की स्वीकृति के लिए पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान प्रेमसर क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं पंचायत राज मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि ग्राम प्रेमसर से लेकर ग्राम चक आसन, रामनगर , हरगोविंदपुरा, चक ज्वाड की रोड का निर्माण ना होने के कारण ग्रामीणों को बहुत ही परेशान का सामना करना पड़ता है। बारिश के समय तो रास्ता इतना खराब हो जाता है की रास्ते पर चलना ही मुश्किल हो जाता है जिससे आने जाने वाले ग्रामीणों , विद्यार्थियों को बहुत ही ज़्यादा असुविधा होती है। पूर्व विधायक चौहान ने दोनों केंद्रीय मंत्रियों से श्योपुर में लालकोठी से सलापुरा तक चंबल नहर के किनारे पर प्रधानमंत्री सड़क योजना में सड़क स्वीकृत करने का भी अनुरोध किया है जिससे सैंकड़ो गांवो के ग्रामीणों को बहुत ज़्यादा लाभ मिलेगा। साथ ही कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से गेंहू खरीदी किं तारीख बढ़ाने का भी अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में कुलवंत सिंह, राजेश योगी जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, सरदार हरदेव सिंह, सरदार मंगल सिंह, सरदार गुरदत्त सिंह , रामकेश , धनजीत , सरदार मनिंदर सिंह , धर्मेंद्र आदि किसान उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### अज्ञात चोर 4 भैंसे और 4 पड़िया चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम किदरा चक्क अटारी खैजरा निवासी जय सिंह सहरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राम गुर्जर और अन्य दो लोग उसकी 4 भैंसे और 4 पड़िया चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया है और आरोपी की तलाश जारी है।

### अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत कल्याण यादव निवासी सेमरी थाना मायापुर जिला शिवपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनि मंदिर के पास पछाड़ी खेडा रोड से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गए। बाईक का नंबर एमपी 67 एमएफ 7981 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### ईसागढ़ शहर व उससे जुड़े सभी ग्राम की सप्लाई बाधित रही

**ईसागढ़।** बुधवार 20 मई को 132 केवी ईसागढ़ से 33 केवी ईसागढ़ एवं आनंदपुर ट्रस्ट को अलग अलग करने का कार्य किया। इस हेतु नवीन वीसीबी एवं लाइन डीपी निर्माण का कार्य किया जाना है, जिससे कि सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एक घंटे के लिए ईसागढ़ शहर एवं उससे जुड़े सभी ग्राम की सप्लाई बाधित रही।

### जिले में मारपीट के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बनहाई निवासी रिंकू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलराम और गोलू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत संकट मोचन मंदिर के सामने सडूमरा निवासी धनीराम बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि, दीपक और लक्ष्मण ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड अशोकनगर निवासी प्रशांत राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वरूण, भानू और 3 अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयाखेड़ा निवासी रघुवीर सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सांदोह निवासी अनूप जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामचरण जाटव, मोनू जाटव, विश्ववीर जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेलई निवासी धर्मेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गजराम और गुडडी बाई लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से गुडडी बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि धर्मेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिला शिक्षा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी सहित कई विभागों के प्रमुखों को नोटिस जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में लंबित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान लंबित शिकायतों के निराकरण में अधिकारियों द्वारा कोई रूचि नही लेने तथा ग्रेडिंग में सुधार न करने पर जिले की ग्रेडिंग प्रभावित होने पर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। जारी आदेशानुसार अतिरिक्त उपायुक्त सहकारिता धुरव कुमार झारिया, हथकरघा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के.एन.गुप्ता, उप संचालक मत्स्य एन.एस.दंडोतिया, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अदिति सिंह, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.मनीष व्यास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, सहायक श्रम पदाधिकारी सुरभी रघुवंशी एवं जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस. सिसोदिया को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

# पुलिस लाइन ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के समस्त पुलिस बल में अनुशासन, परेड दक्षता, शारीरिक क्षमता तथा टीम वर्क की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येक निर्धारित दिवस पर साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया जाता है।





मंगलवार को प्रातः पुलिस लाइन अशोकनगर स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। परेड का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर द्वारा परेड की सलामी लेकर किया गया। सलामी उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर ने प्लाटून-वार परेड निरीक्षण कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्न आउट, परेड मुद्रा, वर्दी की स्वच्छता, परेड की शुद्धता एवं अनुशासन का गहन मूल्यांकन किया। परेड में उत्कृष्ट टर्न आउट प्रदर्शित करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरूष्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, वहीं जिन कर्मचारियों के टर्न आउट में कमी पाई गई उन्हें आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया। इसके बाद सभी प्लाटून कमांडरों द्वारा अपने-अपने प्लाटून को एकल स्वरूप में परेड अभ्यास कराया गया, जिसमें सलामी की मुद्रा, दाएँ-बाएँ देख, पथ क्रम एवं संयुक्त संचालन जैसी महत्वपूर्ण परेड प्रक्रियाओं का विस्तृत अभ्यास कराया गया। परेड का संचालन सूबेदार अजीत सिंह द्वारा दक्षतापूर्वक किया गया।

### परेड पुलिस विभाग में अनुशासन की नींव

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि "परेड पुलिस विभाग में अनुशासन की नींव है। नियमित परेड से जहां पुलिस बल की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता विकसित होती है, वहीं टीम वर्क, आदेश पालन, एकरूपता, तत्परता और फील्ड ड्यूटी में कार्यकुशलता भी बढ़ती है। इसी उद्देश्य से पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड आयोजित की जा रही है, ताकि पुलिस बल हर परिस्थिति में तत्पर, अनुशासित एवं सक्षम रह सके।

## ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी नजर आई

# थाना प्रभारी ने जिन समस्याओं को नहीं सुना, एसपी ने उनका निराकरण कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई को लेकर आए कई आवदेक पीड़ा अपने शब्दों में व्यक्त करते नजर आए। इन ग्रामीणों का कहना था कि वह कई बार से आवेदन दे रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। थाना प्रभारी लौटा देते हैं, एसपी को उन आवेदको की समस्या गंभीर लगी, उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को लाइन पर लिया और तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। एसपी कार्यालय में पहली बार ऐसी सुनवाई देखने को मिली।



आवेदिका ने कहा कि वह ग्राम आकलोन तहसील ईसागढ की रहने वाली है, उसकी सर्वे नबंर 256/2 में 1000 हेक्टयर भूमि अव्यवस्थित है। जनपद कार्यालय भवन स्वीकृत हुआ है जिसमें से 10 बीघा भूमि विधुत मंडल को और 4 बीघा भूमि जनपद कार्यालय के लिए आवंटित की गई थी, जिसमें से 5 बीघा आवेदिका की है, जिस पर निर्माण कार्य कब्जा कर कराया जा रहा है। जबकि हाई कोर्ट द्वारा निर्माण कार्य रोके जाने का आदेश है। जन सुनवाई न होने से वह परेशान है, इस संबंध में तत्काल कार्यवाही के निर्देश एसपी द्वारा दिए गए।

दुर्गी बाई पत्नि स्व.रघुवीर सिंह चंदेरी रोड मुंगावली में निवासरत है प्रार्थिया के पति का स्वर्गवास दिनांक 04.11.2025 में हो जाने से प्रार्थिया उनकी तरेहवी आदि कार्यक्रम में ग्राम गुन्हेरु गई हुई थी और मकान में ताला लगाकर गई हुई थी 13-14 दिन तक प्रार्थिया मुंगावली नहीं आ सकी थी इस बीच में प्रियंका पत्नि प्रेमसिंह, प्रेनसिंह पुत्र अजीत सिंह, अजीत सिंह पुत्र कमल सिंह, लक्ष्मम सिंह पुत्र अजीत सिंह यादव निवासीगण गुन्हेरु द्वारा तोले तोड़कर प्रार्थिया के रखे हुये 20 लाख रुपये नगद तथा घर का सारा सामान व ट्रेक्टर ट्राली व दो मोटरसाईकिल आदि के कागजात व एक मोबाईलसिम डली हुई थी जिसको चोरी करके ले गये जब प्रार्थिया ग्राम गुन्हेरु से घर आयी तो सोरे ताले टूटे हुये थे और उक्त सभी व्यक्ति मौके पर मिले थे प्रर्थिया ने जब चोरी की उक्त व्यक्तियों से पूछा तो वह प्राधिया को जान से खत्म करने की धमकी दी कि अगर तूने किसी से कुछ कहा तो तुझे जान से खत्म कर देंगे जिससे प्रर्थिया डर गई और किसी से कुछ नहीं कह सकी अभी पर्शिया की वैशाख की फसल करीब 60 क्विंटल धनिया व करीब 55 क्विंटल राई 100 क्विंटल बठरी और करीब 20 क्विंटल गेहू घर पर ग्राम गुन्हेरु में रखे हुये थे पार्थिया के मुंगावली आने पर उक्त सभी फसले चोरी से उक्त व्यक्तियों दद्वारा चोरी से बेच दी गई है इस प्रकार करीब 13 लाख पचास हजार रुपये की फसल की चोरी की है और पूर्व में करीब 20 लाख रुपये की नगदी की चोरी की थी प्रार्थिया द्वारा उक्त व्यक्तियों से नहा गया तो वह प्रर्थिया को जान से खत्म करने की धमकी दी हैं।

## जन सुविधाओं के कई कार्य अब भी अधूरे

# रेलवे स्टेशन का 24.10 करोड़ की लागत से कायाकल्प कार्य जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रेलवे स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित करने हेतु संचालित "अमृत भारत स्टेशन योजना" के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल स्थित अशोकनगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में तेजी से प्रगति पर है। लगभग 24.10 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं आधुनिक आधारभूत संरचना विकसित करने के विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

अशोकनगर स्टेशन एनएसजी-5 श्रेणी का महत्वपूर्ण स्टेशन है, जहां यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर आवागमन को ध्यान में रखते हुए अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (परिसंचरण क्षेत्र) में सुधार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा चुका है। साथ ही बीना छोर पर प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 का चैड़ीकरण भी किया गया है।

यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 पर कवर ओवर शेड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 की सतह में सुधार कार्य भी किया गया है, जिससे यात्रियों को अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सके। स्टेशन भवन के अग्रभाग, शौचालयों में सुधार, आंतरिक भाग एवं प्रतीक्षालयों का आधुनिकी करण किया गया है। इसके साथ ही द्वितीय प्रवेश द्वार के विकास का कार्य एवं यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्टेशन पर 12 मीटर चैड़े नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य दूसरे फेज में किया जा रहा है, जिससे प्लेटफॉर्मों के बीच आवागमन अधिक सुविधाजनक एवं सुरक्षित होगा। इस कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है।

### खास बातें

- प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर कई जगह फर्स बैठा
- ऊंचा नीचा प्लेटफार्म होने से हो सकती हैं दुर्घटनाएं
- दोनो प्लेटफार्मों कुर्सियों और बेंचों का अभाव, कई जगह टूटी पडी
- पुराने निर्माण कार्यों का मलवा आज तक नहीं हटा।
- स्टेशन के बाहर कचरे में लगाई जा रही है आग।
- पुल को बाहर तक जोड़ने की प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं हुई।
- स्टेशन परिसर में हाई मस्ट लाइट का व्यापक अभाव
- 8 प्लेटफार्मों पर सुलभ कॉम्पलेक्स की कोई सुविधा नहीं।
- दिव्यागों और महिलाओं के लिए अलग से टिकट खिड़की को कोई इंतजाम नहीं।
- एटीवीएम मशीन दोनों

## धारदार चाकू लेकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को 2 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

धारदार चाकू लेकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपी को दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पैरवी सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी अमित गोयल द्वारा की गई। सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी अमित गोयल अनुसार 13 जनवरी 2021 को थाना भानगढ़ पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी थी कि ग्राम देवल के बडे हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति लोहे का धारदार चाकू लिए है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा। जिसे हमराह आरक्षक नीरज बघेल और राहगीर जितेन्द्र यादव की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम रामभरत उर्फ पिल्लू पिता गुलाब सिंह यादव आयु 50 वर्ष निवासी ग्राम देवल थाना भानगढ़ का होना बताया। जिसके कब्जे से मिले 13 इंच लंबे लोहे के चाकू का लाइसेंस पूछने पर आरोपी द्वारा लाइसेंस नहीं होना बताया था। जिससे आरोपी रामभरत उर्फ पिल्लू यादव का कृत्य धारा- 25(1-बी) आयुध अधिनियम का होने से आरोपी से लोहे का चाकू जब्त कर गिरफ्तारी उपरांत प्रकरण विवेचना में लेकर चालान न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण कमांक-47/21 अपराध क्रमांक 07/21 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी रामभरत उर्फ पिल्लू पिता गुलाब सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी-ग्राम देवल को दोषी पाते हुए धारा 25 (1-बी) सहपठित धारा 4 आयुध अधिनियम में 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5 सौ रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने चंद्रशेखर वार्ड का किया निरीक्षण

**हमारा मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है-नपाध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार एवं सीएमओ राहुल कौरव निरीक्षण पर चंद्रशेखर वार्ड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वार्ड का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने वार्ड वासियों से चर्चा की। उन्होंने कचरा वाहनों के नियमित वार्ड में आने और नालियों की सफाई के बारे में जानकारी ली।

सीएमओ राहुल कौरव ने लोगो से अपील की कि वे नालियों में कचरा न फेंकें और नगर पालिका की कचरा गाड़ी का ही उपयोग करें। इस दौरान नपा अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि हम स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग सुधारने और वार्डो को स्वच्छ बनाने को लेकर लगातार कार्य कर रहे है।

हमारा मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत हम शहर के हर वार्ड में जाकर व्यवस्थाओं को देख रहे हैं। चंद्रशेखर वार्ड में निरीक्षण के दौरान जो छोटी-मोटी कमियां पाई गई हैं, उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड वासियों से भी अपील करती हूं कि शहर को नंबर-1 बनाने के लिए नगर पालिका का सहयोग करें। स्वच्छता केवल नगर पालिका की ही नहीं, हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। वार्ड के लोगो ने नपा की प्रशंसा भी की। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नवीन साहू, उपयंत्री जयदीप शाक्यवार सहित नगर पालिका के अन्य के अधिकारी, कर्मचारी वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## उपभोक्ता एसोसिएशन के नेतृत्व में मीटर को निकलवाने विभाग में ज्ञापन सौंपा

# पिपरई में बिजली के स्मार्ट मीटर के विरोध में जनता उतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

मध्यप्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के नेतृत्व में पिपरई के नागरिकों ने भी अपने-अपने घरों पर जबरन लगाए गए स्मार्ट मीटर को निकलवाने के लिए एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पिपरई लोकल विभाग में ज्ञापन सौंपा गया।




साथ ही बिजली उपभोक्ताओं ने अपने घरों पर लगाए गए स्मार्ट मीटर को जल्द से जल्द हटाने की मांग की। ज्ञापन से पहले विरोध प्रदर्शन के माध्यम से एसोसिएशन की ओर से देवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि हवा, पानी और खाना मनुष्य की प्राथमिक जरूरत है उसी तरह बिजली का भी उतना ही महत्व है। जो आधुनिक सभ्यता की धुरी है। इसलिए भारत में आजादी के बाद बिजली को मूलभूत अधिकार में शामिल किया गया। जिसके बिना आज एक इंच भी आगे बढ़ना असम्भव है। एक तरफ कल कारखानों का चलना नामुमकिन है तो वहीं दूसरी तरफ आम इंसान की जिंदगी भी आज बिना बिजली के संभव नही है। इसलिए आज यह कहना गलत नहीं होगा कि बिन बिजली सब सून।

आगे प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जिला प्रभारी सावन बैरागी ने बताया कि प्राइवेट कंपनी स्मार्ट मीटर लोगों के घरों पर बिना अनुमति के जबरन डरा धमकाकर लगा रही है। स्मार्ट मीटर आमजनता को लूटने वाला मीटर है, अधिक से अधिक आम जनता की जेब खाली करने वाला मीटर है। डिजिटल मीटर को स्मार्ट मीटर में बदला जा रहा है। इस मीटर के माध्यम से बिलिंग प्रणाली में टी ओ डी प्रणाली, डायनेमिक प्राइसिंग प्रणाली और रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली को लागू करना संभव है। इस मीटर को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए नियंत्रित किया जाएगा। नतीजतन, इस मीटर के सॉफ्टवेयर को नियंत्रित करने और मीटर रीडिंग को बदलने, वास्तविक बिजली खपत से लेकर कंपनी के लाभ के हितों को इच्छानुसार पूरा करने की पर्याप्त संभावनाएं होंगी। बिजली बिलों का बोझ बहुत बढ़ जाएगा। हाल ही में, विभिन्न राज्यों के उपभोक्ता इस स्थिति का सामना कर रहे हैं।

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5), 55(1), 56 (1) में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है।और हमारे देश के केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर जी ने कहा है कि उपभोक्ताओं पर जबरन स्मार्ट मीटर नहीं थोपे जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है। यह मीटर केंद्र सरकार की रियैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत लगाए जा रहे हैं, जो एक योजना है, कोई कानून नहीं। शामिल सदस्य अर्जुन पंथी, रामसिंह अहिरवार बरखेड़ा, मोनू ओझा(सिंगर), रामदेवी बाई, लालाराम कुशवाहा, सनी केवट, रोहित केवट इत्यादि नागरिक उपस्थित रहे।

### बिजली गुल होने से 15 पंचायतों के ग्रामीण परेशान

**राजपुर।** राजपुर कस्बे एवं आस पास की 15 पंचायतों के अंतर्गत आने वाले गांव वासियों कों इस भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बिजली कटौती ने रात की चेन की नींद भी हराम कर दी है। रात्रि 10.30 बजे रात्रि 1.15 बजे रात्रि 3.20 बजे इस तरह घंटों तक विजली गुल होने से नींद खुल जाती है।

छोटे-छोटे बच्चे बुजुर्ग महिला परेशान होती हैं। रात भर उन्हें रतजगा करतें हुए नजर आती है। जिस समय आप गहरी नींद में सो रहें हों उसी समय विजली गुल होने से भीषण गर्मी में तर वतर हों जातें हैं जैसे ही बिजली आ जाती हें तों फिर द्वारा फिर कटोती हों जाती हैं। इस तरह रात भर जनता परेशान होती नज़र आती है। जब कि राजपुर कस्बे में हर माह बिजली के बिल जमा हों रहें हैं। बड़े कनेक्शन धारी हैं आटे चक्की एक दर्जन से अधिक हैं कनेक्शन धारी इन दिनों बिजली के बिल भी समय पर भर रहे हैं। घरेलू कनेक्शन के बिल 500 रुपये से अधिक आ रहें हैं। इस तरह बिजली के विल करेंट मार रहें है। विद्युत विभाग के इस रवैया से जनता परेशान हैं इधर चुनाव के समय लम्हे लम्हे वादा करनें वाले जनप्रतिनिधि चेन की नींद सो रहे हैं क्योंकि उनके घरों में तों इनवेंटर हें अब आम जनता कों हर बार चुनाव के समय मुर्ख बना कर अपना उल्लू सीदा कर जनता कों राम भरोसे छोड़ दिया है।



### संपर्क अभियान 2026 अंतर्गत विद्युत संबंधी सेवाएं आपके द्वार के तहत शिविरों का आयोजन संपन्न

**अशोकनगर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान और बिजली संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से सम्पर्क अभियान 2026 अंतर्गत विद्युत संबंधी सेवाएं आपके द्वार हेतु शिविरों का आयोजन किया गया है।

यह शिविर 20 मई 2026 को वितरण केन्द्र/जोन अशोकनगर के गौशाला वार्ड नं.19, वितरण केन्द्र आंवरी के ग्राम आंवरी माफी,चंदेरी के ग्राम बामोर हुर्रा,ईसागढ़ के ग्राम जांगड, नईसराय के ग्राम महीदपुर,शाढौरा वितरण केन्द्र के ग्राम बगुल्या, तूमैन के ग्राम अखाई टप्पा,मुंगावली के वार्ड नं.09, वितरण केन्द्र मीरकाबाद अंतर्गत ग्राम गढूली,बहादुरपुर अंतर्गत ग्राम बीलाखेडी, पिपरई अंतर्गत ग्राम भटोली में शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविर में कनेक्शन संबंधी सेवाएं में नया कनेक्शन आवेदन, नाम परिवर्तन/भार परिवर्तन, अस्थाई कनेक्शन, 5 रूपये में कनेक्शन योजना, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई रूप से विच्छेदन का आवेदन, ई-केवाईसी/अनापत्ति प्रमाण पत्र का निराकरण किया जायेगा। शिविर में गलत बिल, अधिक, बिल मीटर रीडिंग संबंधी शिकायते, डुप्लीकेट बिल,आंशिक भुगतान,अग्रिम भुगतान पर छूट, विद्युत अवरोध, बिजली लाईन संबंधी,सर्विस केबिल, पोल, वोल्टेज, ट्रिपिंग, वितरण ट्रासंफार्मर, बंद/खराब मीटर, मीटर तेज चलने,स्मार्ट मीटर संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। बिजली उपभोक्ता संपर्क अभियान 2026 संबंधी किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी बिजली वितरण केन्द्र/जोन अथवा कॉल सेन्टर के टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।